Amar Ujala, Delhi, 07/11/2026
Page No: 10, Size: 7.25cm × 12.86cm

आवेदन आमंत्रित

एनएचएआई की इंटर्नशिप

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसमें आवेदन के लिए जरूरी है कि आवेदक के पास बीटेक/बीई, एमई/एमटेक, एमबीए आदि डिग्री हो। साथ ही आवेदक ने डिग्री प्रोग्राम में न्यूनतम 60 फीसदी अंक प्राप्त किए हों। इस प्रोग्राम के दौरान छात्रों को एनएचएआई के अनुभवी इंजीनियरों और प्रोजेक्ट मैनेजरों से मार्गदर्शन प्राप्त करने और भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना से जुड़े परियोजना पर काम करने का मौका मिलेगा। इसमें हर महीने 20,000 रुपये का स्टाइपेंड और एनएचएआई का आधिकारिक अनुभव प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट internshipsatnhai.digitalindiacorporation.in पर जाकर 10 नवंबर, 2026 तक से आवेदन कर सकते हैं।

